AADHAAR

AMAR UJALA, Lucknow, 6.8.2018

Page No. 12, Size:(6.79)cms X (8.78)cms.

हेल्पलाइन नंबर से आधार डाटा की चोरी संभव नहीं

नई दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने रविवार को कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्वों ने हेल्पलाइन नंबर को लेकर गूगल की अनजाने में हुई गलती का आधार की छवि खराब करने और लोगों में डर पैदा करने के लिए फायदा उठाया। साथ ही उसने जोर देकर कहा कि कांटेक्ट लिस्ट में हेल्पलाइन नंबर सेव होने से मोबाइल फोन से डाटा चोरी नहीं हो सकता है। यूआईडीएआई ने एक बयान में कहा कि वह गूगल की अनजाने में हुई गलती का लोगों को डराने और आधार के बारे में डर उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले लोगों की निंदा करता है। एजेंसी